बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं०सं०– 03 / भू०अ०नि० (4) वि० सर्वे०–07 / 2023/13435 पटना, दिनांक 22/08/2024

आदेश

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम के अन्तर्गत नियोजित पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा नियोजन के समय उपलब्ध कराये गये मोबाईल नम्बर / ई–मेल ही सर्वेक्षण संबंधी दैनिक एवं प्रशासनिक कार्य में प्रचलित है। परन्तु प्रायः यह देखा जाता है कि विभिन्न बन्दोबस्त कार्यालयों द्वारा सर्वेक्षण कर्मियों का मोबाईल सिम खोने / बन्द हो जाने अथवा क्षेत्र में नेटवर्क की समस्याओं इत्यादि के दृष्टिगत R2R सॉफ्टवेयर में मोबाईल नं० बदलने हेतु पत्र निदेशालय को प्रेषित किये जाते है, जिससे सर्वेक्षण का कार्य प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है।

चुँकि विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया के निष्पादन में पदाधिकारियों / कर्मियों द्वारा अपने मोबाईल / लैपटॉप का उपयोग सर्वेक्षण कार्य के लिए किया जाता है, जिसके आधार पर सर्वेक्षण कार्यो में पदाधिकारियों एवं कर्मियों का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल की प्रासंगिकता अति महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील हो जाती है।

अतः कार्य के त्वरित गति से निष्पादन के दृष्टिगत सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को R2R सॉफ्टवेयर में अपने अधीनस्थ पदाधिकारियों एवं कर्मियों का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई०डी० जिला लॉगिन से बदलने हेतु तत्काल प्रभाव से प्राधिकृत किया जाता है।

साथ ही निदेशित किया जाता है कि मोबाईल नम्बर / ई–मेल में किसी बदलाव के पूर्व वे अपने स्तर से स्वंय संतुष्ट हो लेंगे क्योंकि यह एक संवेदनशील कार्य है, इसके विचलन से डाटा प्रभावित हो सकती है।

(जय सिंह) 22/8/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 03 / भू०अ०नि० (4) वि० सर्वे०–07 / 2023 13435 पटना, दिनांक 22/08/2024

प्रतिलिपि : सभी जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु०) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू०अ०नि० (4) वि० सर्वे०–07 / 2023 13435 पटना, दिनांक 22/08/2024

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, / प्रभारी, आई०टी०सेल / सभी नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे0–07/2023 13435 पटना, दिनांक 22/08/2024

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0 (4) वि0 सर्वे0–07/2023 13435 पटना, दिनांक 22/08/2024

प्रतिलिपि : श्री सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं बेवसाईट अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

20/8/2024